
नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
जबलपुर 77 वां वर्ष संस्करण


5 आतंकवाद पर भारत का दो टूक संदेश


6 बुनियादी शिक्षा में कमजोरी चिंताजनक


7 स्टार्टअप्स की रीढ़ बना इनोवेशन : गोयल


8 जडेजा इंग्लैंड में एक हजार रन पूरे करने के करीब

# किसानों के हक में बड़े फैसले

## कैबिनेट फैसला : 100 जिलों में 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' की शुरुआत

**नई दिल्ली, 16 जुलाई. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक में तीन बड़े फैसले लिए गए. इन फैसलों में एनएलसी इंडिया लिमिटेड और एनटीपीसी को निवेश की विशेष मंजूरी के साथ-साथ 100 जिलों में 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' की शुरुआत शामिल है. इन निर्णयों में अक्षय ऊर्जा, कृषि क्षेत्र, अंतरिक्ष अनुसंधान और सार्वजनिक उपक्रमों को सशक्त बनाने के उद्देश्य हैं. बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए विस्तृत जानकारी दी.**



पहला निर्णय एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) से जुड़ा है, जिसे सरकार ने मौजूदा निवेश दिशानिर्देशों से विशेष छूट प्रदान करते हुए 7,000 करोड़ के निवेश की अनुमति दी है. यह निवेश कंपनी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक इकाई एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में किया जाएगा, जिससे कंपनी 2030 तक 10.11 गीगावाट और 2047 तक 32 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता स्थापित कर सकेगी. यह कदम भारत की सीओपी26 में दी गई 'पंचामृत' प्रतिबद्धताओं के अनुरूप है.

दूसरा महत्वपूर्ण निर्णय एनटीपीसी लिमिटेड को लेकर है. सरकार ने एनटीपीसी को नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में अपनी सहायक कंपनियों में 20,000 करोड़ तक निवेश करने की अनुमति दी है, जो पहले स्वीकृत 7,500 करोड़ की सीमा से कई गुना अधिक है. इस फैसले का उद्देश्य 2032 तक 60,000 मेगावाट हरित ऊर्जा क्षमता विकसित करना है. जो भारत के 2070 तक शून्य कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा प्रयास है. इससे देश में हरित ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा मिलेगा और ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार सृजन के साथ-साथ उद्यमिता को भी बल मिलेगा.

तीसरा बड़ा फैसला 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को लेकर लिया गया. यह योजना 100 जिलों में लागू की जाएगी, जिनमें कृषि उत्पादकता कम है और किसान ऋण वितरण में पिछड़े हैं. योजना छह वर्षों तक चलेगी और हर वर्ष 24,000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे. इससे लगभग 1.7 करोड़ किसानों को सीधे लाभ मिलेगा. योजना के तहत 11 मंत्रालयों की 36 योजनाएं एकीकृत की जाएंगी, और प्रत्येक जिले में धन-धान्य समिति बनाकर कृषि और संबंधित गतिविधियों की निगरानी की जाएगी. यह योजना फसल विविधीकरण, जल संरक्षण, जैविक खेती और कृषि ऋण की सुगमता को बढ़ावा देगी.

### शुभांशु शुक्ला और इसरो को दी बधाई

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने एक्सिओम-4 मिशन की सफलता को ऐतिहासिक बताते हुए प्रस्ताव में कहा गया है कि मंत्रिमंडल इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए इसरो के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की पूरी टीम को हार्दिक बधाई देता है. उनकी निष्ठा, तपस्या और परिश्रम ने इस सपने को साकार किया. भारत आने वाले समय में गगनयान मिशन के जरिए और भी बड़े लक्ष्यों की ओर देख रहा है. हमने भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन का संकल्प भी लिया है.

## एक नजर में



### देवेंद्र फडणवीस का उद्धव ठाकरे को ऑफर

नयी दिल्ली. महाराष्ट्र विधान परिषद में मंगलवार को तब हल्का-फुल्का माहौल बन गया जब मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को महायुति में शामिल होने का ऑफर दे डाला. नेता प्रतिपक्ष अंबादास दानवे के कार्यकाल पर चर्चा करते हुए फडणवीस ने कहा, उद्धव जी, 2029 तक विपक्ष में आने की कोई संभावना नहीं है. आपको इधर आना है तो उस पर विचार किया जा सकता है, लेकिन अलग तरीके से. सदन में इस बयान पर ठहाके गूंज उठे. हालांकि टिप्पणी हास्यपूर्ण थी, लेकिन इसके सियासी मायने भी निकाले जा रहे हैं. शिंदे गुट से नाराजगी की खबरों के बीच इसे एक संकेत माना जा रहा है.

### दमिश्क का सेना मुख्यालय किया ध्वस्त

दमिश्क/गाजा. इजरायल ने बुधवार को सीरिया की राजधानी दमिश्क में स्थित रक्षा मंत्रालय के मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर घातक हमला कर उसे भारी नुकसान पहुंचाया. यह हमला उस समय हुआ जब सीरिया के दक्षिणी शहर सुवेदा में सेना और दरोज सशस्त्र समूहों के बीच संघर्ष विराम टूटने के बाद झड़पें तेज हो गई थीं. इजरायली सेना ने दावा किया है कि उसने दरोज समुदाय की रक्षा के लिए यह कार्रवाई की है. दरोज संप्रदाय इस्माइलवाद शाखा से जुड़ा है और दुनिया में इसके करीब 10 लाख अनुयायी हैं, जिनमें से अधिकांश सीरिया, लेबनान और इजरायल (गोलान हाइट्स) में रहते हैं. उधर, गाजा में भी इजरायली सेना का कहर जारी है. उत्तरी गाजा के शाती शरणार्थी शिविर पर किए गए ताजा हवाई हमले में कम से कम 113 लोगों की मौत हुई है.

### धावक फौजा को टक्कर मारने वाला गिरफ्तार

जालंधर. मैराथन धावक फौजा सिंह (114) को कार से टक्कर मारकर घायल करने के आरोप में पुलिस ने एनआरआई अमृतपाल सिंह ढिल्लों को गिरफ्तार किया है. आरोपी ढिल्लो ने 14 जुलाई को सड़क पार करते समय अपनी फॉर्च्यूनर एसयूवी से फौजा सिंह को टक्कर मार दी थी जिससे वह गंभीर रुप से घायल हो गए थे. बाद में श्री फौजा सिंह ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. आरोपी कनाडा का एक एनआरआई और करतारपुर के दसूपुर गाँव का निवासी है. वह आठ दिन पहले भारत आया था. पुलिस पूछताछ में ढिल्लों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया है और बताया है कि घटना के समय वह अकेला था और भोगपुर से किशनगढ़ की ओर जा रहा था. पुलिस ने फॉर्च्यूनर कार को भी जब्त कर लिया है.




मना रहे हैं वर्ल्ड इमोजी डे


## उत्तराखंड में पढ़ाई जाएगी भगवद् गीता

**नयी दिल्ली, 16 जुलाई.** उत्तराखंड सरकार ने राज्य के सभी सरकारी स्कूलों में भगवद् गीता को पाठ्यक्रम में शामिल करने का निर्णय लिया है. यह फैसला मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में हुई शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक में लिया गया. मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवद् गीता एक पवित्र ग्रंथ है, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दिया गया ज्ञान समाहित है, जो जीवन भर मार्गदर्शन करता है. इसी उद्देश्य से इसे स्कूल शिक्षा में शामिल किया जा रहा है.

शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि राज्य के लगभग 17,000 सरकारी स्कूलों में गीता और रामायण के श्लोकों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए एनसीईआरटी को पत्र लिखा गया है.

## 5 लाख का इनामी नक्सली ढेर

- बोकारो में पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक जवान शहीद
- नक्सलियों के पास से एके 47 राइफल और मैगजीन बरामद

**बोकारो, 16 जुलाई. झारखंड में बोकारो जिले के गोमिया थाना क्षेत्र के बिरहोरडेरा के जंगली क्षेत्र में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) का 5 लाख का इनामी नक्सली कुंवर मांझी उर्फ सहदेव मांझी मारा गया.**

बोकारो के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने आज यहां बताया कि इस मुठभेड़ में एक अन्य व्यक्ति भी मारा गया जिसकी पहचान नहीं हो पाई है. इस मुठभेड़ में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के कोबरा बटालियन के एक जवान प्रणेश्वर कोच भी शहीद हो गया.



पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नक्सलियों के पास से एक ए के 47 राइफल और एक ए के -47 मैगजीन राउंड के साथ बरामद किया गया है. उन्होंने कहा कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि इस क्षेत्र में उक्त नक्सली गिरोह का सदस्य कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी में है. इसी सूचना के आधार पर पुलिस के वरीय अधिकारी के निर्देश पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और बोकारो जिला पुलिस ने उक्त इलाके की घेराबंदी आज सुबह में ही की थी. घेरा बंदी को देखते हुए नक्सलियों ने पुलिस पर ताबड़तोड़ फायरिंग की.

## आयकर विभाग के सहायक निदेशक समेत तीन रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नयी दिल्ली 16 जुलाई.** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने पटना में आयकर विभाग के सहायक निदेशक सहित तीन कर्मचारियों को दो लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार किये गये कर्मचारी आदित्य सौरभ, सहायक निदेशक आयकर विभाग, मनीष कुमार पंकज निरीक्षक, आयकर विभाग और शुभम राज, मल्टी टास्किंग स्टाफ, आयकर विभाग हैं. उक्त आरोपियों ने शिकायतकर्ता से पहले से जब्त 13 लाख रुपये की राशि वापस दिलाने और उसके खिलाफ आगे कोई जांच शुरू न करने के बदले में दो लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में मामला दर्ज किया. यह 13 लाख रुपये की राशि कथित तौर पर शिकायतकर्ता के रिश्तेदार से हवाई अड्डे पर जब्त की गई थी.

## स्वर्ण मंदिर को तीसरी बार उड़ाने की धमकी

- फर्जी आईडी से भेजा गया ई-मेल
- एसजीपीसी और अमृतसर पुलिस हाई अलर्ट पर

**चंडीगढ़, 16 जुलाई. पंजाब में अमृतसर स्थित स्वर्ण मंदिर को पिछले कुछ दिनों में तीसरी बार बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिसके बाद मंदिर और उसके आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है.**

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) को एक फर्जी ई-मेल आईडी से मेल मिला है, जिसमें मंदिर के अंदर आरडीएक्स से भरे पाइपों से विस्फोट करने की धमकी दी गयी है. सुरक्षा कारणों से संदेश के विवरण का खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन बम निरोधक दस्ते और खोजी स्वानों को विस्फोटक खोजने में लगाया गया है.

एसजीपीसी और अमृतसर पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया है. बीएसएफ और पुलिस कमांडो वहां तैनात हैं. आने-जाने वालों पर निगरानी बढ़ा दी गयी है और सभी आगंतुकों पर कड़ी नज़र रखी जा रही है. एसजीपीसी अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी के अनुसार मंगलवार को भी केरल के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नाम से एक फर्जी ई-मेल आईडी से ऐसी ही धमकी मिली थी. आज की धमकी 'आसिफ कपूर' नाम की एक आईडी से आयी है और यह पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी भेजी गयी है. धामी के अनुसार, 15 जुलाई को केरल के मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्य न्यायाधीश के नाम से एक फर्जी ई-मेल आईडी से ऐसी ही धमकी मिली थी.

### दिल्ली के 5 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नयी दिल्ली.** राजधानी दिल्ली के पांच प्रतिष्ठित स्कूलों को बुधवार सुबह ईमेल के जरिए बम से उड़ाने की धमकी मिली, जिससे हड़कंप मच गया. प्रभावित स्कूलों में द्वारका का सेंट थॉमस स्कूल, वसंत कुंज का वसंत वैली स्कूल, हौज खास का मदर्स इंटरनेशनल स्कूल, पश्चिम विहार का रिचमंड ग्लोबल स्कूल और लोदी एस्टेट स्थित सरदार पटेल विद्यालय शामिल हैं. ईमेल मिलते ही प्रशासन सतर्क हो गया और सभी स्कूलों को एहतियातन खाली करा लिया गया. दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वॉयड और फायर ब्रिगेड की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और स्कूल परिसरों की गहन जांच शुरू की गई.

### कनॉट प्लेस की एलआईसी बिल्डिंग में बम की सूचना

दिल्ली के कनॉट प्लेस स्थित एलआईसी बिल्डिंग में बुधवार को उस समय हड़कंप मच गया जब वहां बम होने की सूचना मिली. खबर मिलते ही दिल्ली पुलिस, बम डिस्पोजल स्क्वाड और डॉग स्क्वाड की टीम मौके पर पहुंच गई. सुरक्षा को देखते हुए बिल्डिंग को तुरंत खाली करा लिया गया और इलाके को सील कर जांच शुरू कर दी गई है. मौके पर वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद हैं. यह जगह संसद मार्ग थाना क्षेत्र के अंतर्गत आती है.

## भारत-स्पेन जुड़वा भाइयों की तरह : डॉ. मोहन

- इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट में बोले सीएम
- नई तकनीक से विकास की अपार संभावनाएं

प्रशासनिक संवाददाता

**भोपाल, 16 जुलाई. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारत और स्पेन दो प्राचीन सभ्यताओं के संवाहक हैं. दोनों देशों ने नैतिक मूल्यों के आधार पर अपनी पुरा संस्कृति को आगे बढ़ाया है. दोनों देश जुड़वा भाईयों की तरह हैं. अब विकास के मामले में भी हम मिलकर आगे बढ़ेंगे. संस्कृति के साथ-साथ तकनीक में भी स्पेन की एक अलग ही पहचान है.**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को स्पेन की राजधानी मैड्रिड में इन्वेस्ट इन एमपी बिजनेस फोरम मीट को संबोधित कर रहे थे. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मप्र भारत का सबसे तेजी से विकासशील प्रदेश है. यहां निवेश करना नि:संदेह फायदे का सौदा है. उन्होंने निवेशकों को मध्यप्रदेश की बेजोड़ खूबियां बताते हुए कहा कि यदि आप भारत में निवेश करने की सोच रहे हैं, तो एक बार मध्यप्रदेश अवश्य आइये, मध्यप्रदेश को भूल नहीं पाएंगे.

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में खनिज, पर्यटन, बड़े उद्योग, फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री, तकनीकी विकास से जुड़े उद्योग स्थापित करने की अपार संभावनाएं हैं.

भारत में एमपी टूरिज्म सबसे तेजी बढ़ रहा है. उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में भरपूर भू-संपदा उपलब्ध है, जिसमें नई तकनीक का इस्तेमाल करने से विकास की अपार संभावनाएं हैं. मध्यप्रदेश, भारत के मध्य क्षेत्र में स्थित है, इसलिए हम लॉजिस्टिक सेक्टर में अग्रणी बनने के लिए तेजी से आगे बढ़ रहे हैं. अगर आप भारत के किसी और राज्य में भी उद्योग स्थापित करते हैं, तब भी आपको मध्यप्रदेश की आवश्यकता जरूर पड़ेगी.

## जलालुद्दीन और नसरीन भेजे गए जेल

**नयी दिल्ली, 16 जुलाई. अवैध धर्मांतरण मामले में गिरफ्तार जलालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा और उसकी सहयोगी नीतू उर्फ नसरीन की रिमांड अवधि पूरी होने पर बुधवार को एटीएस ने दोनों को लखनऊ कोर्ट में पेश कर उनको जेल भेज दिया गया है. इससे पहले बाबा का मेडिकल परीक्षण कराया गया. पेशी के दौरान कोर्ट परिसर और अस्पताल के आसपास सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए.**




- धमकी देने वाले तीन गुर्गों पर केस दर्ज
- कोर्ट में पेशी से पहले हुआ मेडिकल

एटीएस की जांच में सामने आया है कि बाबा का नेटवर्क विदेशों तक फैला है. जिनसे 50 करोड़ के लेन-देन का भी पता चला है. जलालुद्दीन को पाक, नेपाल, तुर्की और गल्फ देशों से भी फंडिग सामने आई. साथ ही भारत में केरल, बंगाल, कर्नाटक और यूपी में करीब 3000 गुर्गे उसके लिए धर्मांतरण का काम कर रहे हैं. पूछताछ में उसकी सहयोगी नसरीन ने खुलासा किया कि विदेशी फंडिंग को लेकर छांगुर अपने बेटे को जिम्मेदारी देना चाहता था, जिससे दोनों के बीच विवाद हुआ.

उधर बलरामपुर में पीड़ित हरिजीत कश्यप को बयान वापस लेने की धमकी मिलने पर पुलिस ने तीन गुर्गों - रियाज, नवाब और कमालुद्दीन के खिलाफ केस दर्ज किया है. साथ ही, छांगुर को संरक्षण देने वाले चार अफसरों की भूमिका की भी जांच हो रही है. शाम तक दोनों आरोपियों को जेल भेजा जाएगा. छांगुर बाबा पर देशभर में युवतियों को प्रेमजाल में फंसा कर धर्मांतरण कराने का संगठित आरोप है. पुलिस की 7 दिन की रिमांड में दोनों आरोपियों से घंटों पूछताछ की गई.


## बोले सीडीएस चौहान ▶ ऑपरेशन सिंदूर से सबसे बड़ा सबक यह मिला है कि स्वदेशी हथियार और प्रणाली कितनी जरूरी

# विदेशी हथियारों से दुश्मन से नहीं लड़ा जा सकता

**नयी दिल्ली, 16 जुलाई, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता पर बल देते हुए कहा है कि विदेशी हथियारों पर निर्भर रहकर दुश्मन के साथ नहीं लड़ा जा सकता क्योंकि विदेशी हथियारों की क्षमताएं और कमियां दूसरों को भी पता होती हैं और वे इसका फायदा उठा सकते हैं.**

जनरल चौहान ने बुधवार को यहां मानव रहित यान और मानव रहित यान रोधी प्रणालियों पर एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि भारत को अपनी भौगोलिक परिस्थितियों और रक्षा जरूरतों के अनुरूप अत्याधुनिक हथियारों तथा रक्षा प्रणालियों की जरूरत है. उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखकर सेनाओं को किसी भी स्थिति से निपटने में सक्षम बनाने के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता जरूरी है.

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर से सबसे बड़ा सबक यह मिला है कि स्वदेशी हथियार और प्रणाली कितनी जरूरी हैं. उन्होंने कहा, ऑपरेशन सिंदूर ने हमें दिखाया है कि हमारी



भौगोलिक स्थिति और संचालन जरूरतों के लिए डिज़ाइन की गयी स्वदेशी मानव रहित यान रोधी प्रणाली क्यों महत्वपूर्ण हैं. हम अपने आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों के लिए आयातित विशिष्ट तकनीकों पर निर्भर नहीं रह सकते. उन्होंने कहा कि विदेशी हथियारों और सेंसरों की क्षमताएँ अक्सर सबको पता होती हैं और दुश्मन इसका फायदा उठा सकता है. उन्होंने कहा, हमारे विरोधी आयातित हथियारों के मापदंडों का अनुमान लगा सकते हैं और उनका मुकाबला करने के लिए रणनीतियाँ बना सकते हैं. उदाहरण के लिए आधुनिक विमानों में लगी आयातित हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों की रेंज न केवल हमें बल्कि हमारे दुश्मनों को भी पता है. वे इसकी रेंज से बाहर रहकर फायदा उठा सकते हैं.

### आत्मनिर्भरता कर्तव्य का हिस्सा

जनरल चौहान ने जोर देकर कहा, इसलिए जब हम देश में डिजाइन, निर्माण और नवाचार करते हैं, तो हम अपनी गोपनीयता की रक्षा करते हैं, अपनी लागत में कटौती करते हैं, अपने उत्पादन को बढ़ाने की पहल को बनाए रखते हैं और चौबीसों घंटे तत्परता बनाए रखते हैं. उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के उस कथन को भी दोहराया जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के लिए रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता विकल्प नहीं कर्तव्य का हिस्सा है.

## 7 राज्यों में सीबीआई की छापेमारी

### भारी मात्रा में आपत्तिजनक साक्ष्य किए जब्त

**नयी दिल्ली 16 जुलाई. केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने साइबर अपराधियों के म्यूल खातों (पैसों की हेराफेरी करने के लिए खोले जाने वाले खाते) के नेटवर्क का भंडाफोड़ करने के लिए बुधवार को सात राज्यों में छापेमारी कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया.**

सीबीआई के प्रवक्ता ने बताया कि एजेन्सी ने साइबर अपराध और डिजिटल गिरफ्तारी से संबंधित घोटालों से निपटने के लिए ऑपरेशन चक्र- 5 के तहत सात राज्यों राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली, बिहार, मध्य प्रदेश, केरल, पंजाब, आंध्र प्रदेश और राजस्थान में कई स्थानों पर तलाशी ली और मोबाइल फोन, बैंक खाता खोलने के दस्तावेज़, लेन-देन रिकॉर्ड और केवाईसी दस्तावेज़ों सहित भारी मात्रा में आपत्तिजनक साक्ष्य ज़ब्त किए हैं. इस अभियान में साइबर धोखाधड़ी से प्राप्त आय को छिपाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले म्यूल बैंक खातों को संचालित करने में सक्रिय भूमिका के लिए तीन व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया गया है.

## गुस्ताखी माफ

